केआईआई टी वर्ल्ड स्कूल, पीतमपुरा ने 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में स्थापित किया कीर्तिमान

अनुष्का जैन
497/500

पार्थ परुथी
495/500

वृति बत्तरा
494/500

अनुज खुराना
485/500

पीतमपुरा। राजधानी दिल्ली के पीतमपुरा स्थित केआईआई टी वर्ल्ड स्कूल के 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में शत्-प्रतिशत छात्रों का अच्छे अंकों के साथ पास होना यह दर्शाता है कि इस स्कूल के छात्र-छात्राएं ही नहीं बल्कि पूरा मैनेजमेंट शिक्षा के प्रति पूर्ण रूप से गंभीर है। वर्ष 2019-20 की बोर्ड परीक्षाओं में 12वीं कक्षा के कुल 163 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे, जिनमें से सभी ने सफलता के नये कीर्तिमान स्थापित किए।

केआईआई टी वर्ल्ड स्कूल की प्रिंसिपल संगीता भाटिया ने 'मेरी दिल्ली' को दिए गए एक साक्षात्कार के दौरान बताया कि इस वर्ष की 12वीं कक्षा में विद्यालय के 163 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और सभी विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए। वहीं सभी विषयों में 70 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या 163 में से 160 रही। सभी विषयों में 80 प्रतिशत एवं उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या 163 में से 133 रही और 90 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या 163 में से 63 रही। 95 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या 163 में से 23 रही।

केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल, पीतमपुरा के टॉपर्स छात्र-छात्राओं में अनुष्का जैन ने कॉमर्स स्ट्रीम में 500 में से 497 अंक प्राप्त किए, जिसमें अनुष्का जैन ने गणित, अकाउंटेंसी, इकोनॉमिक्स एवं बिजनेस स्टडीज विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल किए और अंग्रेजी विषय में 100 में से 97 अंक हासिल करते हुए विद्यालय के गौरव को बढ़ाते हुए स्कूल की टॉपर बनीं। वहीं विद्यालय में पार्थ परुथी ने 500 में से 495 अंक हासिल किए, जिसके तहत इकोनॉमिक्स विषय में 100 और गणित, एकाउंटेंसी, बिजनेस स्टडीज में 99 अंक और अंग्रेजी विषय में 98 अंक हासिल किए और विद्यालय में दूसरा स्थान हासिल किया।

वहीं 12वीं कक्षा की वृति बत्तरा ने ह्यूमिनिटीज स्ट्रीम में 500 में से 494 अंक हासिल किए, वृति बत्तरा द्वारा पॉलिटिकल साइंस विषय में 100 अंक, इकोनॉमिक्स विषय में 100, सोशियोलॉजी में 99, इंग्लिश में 98 और गणित विषय में 97 अंक हासिल करते हुए पूरे विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं 500 में से 485 अंक हासिल करके अनुज खुराना ने चौथा स्थान हासिल किया।

यदि केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल की सब्जेक्ट वाइज हाईएस्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की बात की जाए तो गणित विषय में 3, इकोनॉमिक्स विषय में 3, अकाउंटेंसी, बिजनेस स्टडीज एवं पॉलिटिकल साइंस विषय में 1-1 स्टूडेंट ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। वहीं फिजिक्स एवं सोशियोलॉजी विषय में 100 में से 99 अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या भी 1-1 रही। इंग्लिश विषय में 4 छात्र-छात्राओं ने 100 में से 98 अंक हासिल किए और केमिस्ट्री में दो स्टूडेंट द्वारा 98 अंक हासिल किए गए। विद्यालय की एवरेज प्रतिशत की बात की जाए तो 500 में से 434 अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का प्रतिशत 86.8 प्रतिशत रहा।